

छोटे भ्राता
प्रत्युष सोमानी
को आज जन्म दिन पर
हार्दिक बधाईयां- शुभकामनाएं
--- बधाईकर्ता ---
कुणाल सोमानी एवं सोमानी परिवार, मंदसौर



डाक पंजीयन क्र. L/ RNP/म.प्र./ मन्दसौर/122/ 2021- 23
ई–पेपर www.guruexpress.live

बात आपकी, शब्द हमारे


# गुरु एक्सप्रेस


सुबह का अखबार

संपादक – आशुतोष नवाल

वर्ष 18 | अंक 47 | पृष्ठ 4 | मन्दसौर | रविवार 26 नवम्बर 2023 | मूल्य 2 रुपया



हार्ट केयर
श्री सिद्धि विनायक
अब नियमित सेवाएं मंदसौर में उपलब्ध
हृदय रोगों के उपचार में अंचल का जाना पहचाना नाम
हृदय रोग विशेषज्ञ

डॉ. पवन मेहता
MBBS, M.D. (Medicine) I DM (Cardiology)
Consultant Interventional Cardiology
परामर्श समय -
प्रतिदिन प्रातः 10:00 से सायं 5:00 बजे तक
12, दशपुर कुंज रोड, सिविल हॉस्पिटल के सामने, मंदसौर (म.प्र.) 07422-490333


# न मछली का शिकार रुक रहा, न पानी की चोरी..!

## खनिज विभाग, पुलिस और नपा भी अब नतमस्तक, प्रशासन की योजनाएं और रणनीति तोड़ रही दम

**मंदसौर, 25 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** शिवना नदी में न अवैध मत्स्याखेट पर प्रतिबंध लग पा रहा है और न ही पानी की चोरी रूक रही है। खनिज विभाग, पुलिस और नपा सभी ऐसे लोगो के आगे नतमस्तक हो गए है, जो पानी चोरी, अवैध रेत खनन और मछली पकड़ने का काम करते है। दो दिन पहले खनिज विभाग ने नपा को पत्र लिखकर अवैध खनन को रोकने के लिए मदद मांगी थी। इसके अलावा पूर्व में भी पानी चोरी को लेकर कई योजनाएं तैयार हो चुकी है। लेकिन धरातल पर आने से पहले ही योजनाएं और रणनीति दम तोड़ गई।



### टीम गठन का इंतजार ही करते रह गए...

शिवना नदी में मुक्तिधाम से लेकर कालाभाटा बांध तक 100 से अधिक बिजली मोटरों से पानी की खुलेआम चोरी हो रही है। स्थिति यह है कि दो दिन में एक सप्लाई जितना पानी खींचा जा रहा है। कार्रवाई से बेखौफ लोगों ने पानी चोरी के लिए स्थायी साधन बना लिए हैं। नपा द्वारा पिछले साल प्रतिबंधात्मक आदेश को लेकर एसडीएम कार्यालय को पत्र भेजा गया था। निर्देश जारी होते ही टीम गठित कर कारवाई करने की बात अधिकारियों ने कही। लेकिन, कुछ नहीं हुआ।

### दूर खेतों तक जा रही अंडरग्राउंड पाइप लाइन...

नदी के दोनों किनारों से 200 मीटर के एरिया में कुओं से भी लोग सिंचाई व निजी उपयोग के लिए पानी नहीं ले सकते हैं। रोज 20 लाख गैलन से अधिक पानी चोरी किया जा रहा है। कुएं तो दूर नपा शिवना नदी में लगाई मोटरें हटाने में ही नाकाम साबित हो रही है। कोर्ट परिसर के पीछे ही मोटरों से पानी की चोरी जारी है। सामान्यत: किसान खेतों में 5 से 10 हार्स पॉवर की मोटरें लगाते हैं। खिडक़ी माता मंदिर क्षेत्र में लोगों ने अंडरग्राउंड पाइप लाइन तक डाल रखी है। जो 300 से 400 मीटर दूर जाकर लोगों के खेतों में पहुंच रही है। यदि 5 हार्स पॉवर की 10 मोटरें भी 6 घंटे चल रही हैं तो रोज शिवना नदी से 20 लाख गैलन यानी दो दिन में एक सप्लाई जितना पानी चोरी हो रहा है।

### राजस्थान बार्डर से लेकर भावगढ़ थाना क्षेत्र के अधिकांश गांवों में फैला नेटवर्क...

मंदसौर शहर में प्रवाहित हो रही शिवना नदी यूं तो 54 किमी क्षेत्र का सफर करते हुए चंबल में मिल रही है। लेकिन, उद्गम स्थल राजस्थान के अरनोद व एमपी के भावगढ़ क्षेत्र में है। ऐसे में राजस्थान की बॉर्डर क्षेत्र का बड़ा हिस्सा भी इस नदी के किनारें पर बसा है। मंदसौर से 30 किमी दूर भावगढ़ थाना के क्षेत्र के नंदावता गांव में अवैध रुप से पानी चोरी से लेकर बड़ी-बड़ी मशीनें व पंप लगाकर नदी में पानी के बीच से रेत निकालने का गौरखधंधा चल रहा है। नंदावता गांव के मुख्य मार्ग के अलावा जंगलों में खुफिया रास्तों से होकर कई अड्डे बना रखे है। जहां पर इन पंप से निकली रेत को फिर शिवना के पानी से धोने का काम किया जा रहा है। सड़क किनारे बनाए गए करीब 30 से 40 पांईट पर रेत के ढेर लगाकर रेत का बाजार बना दिया है। यही से यह काली रेत बाजार में मोटी कीमत पर बेची जा रही है। इस तरह नदी से अवैध रुप से रेत निकालकर रेत माफिया अवैध परिवहन भी कर रहा है।

### गरीब माफिया भी हावी...

इधर शहर के आसपास नदी किनारे रेत निकालने वाले भी सक्रिय है। इन्हें गरीब रेत माफिया कहा जा सकता है। जिनके लिए खनिज विभाग ने नपा को पत्र लिखा था। जिसमें आसपास के अज्ञात लोगों द्वारा मारपीट और गाली गलौज तक करने की बात कहीं थी। यहां महिलाएं व गरीबी की आड़ में रेत माफिया लाखों का मुनाफा कमा रहे हैं। खनिज व पुलिस की उदासीनता के बीच पिछले दिनों जब स्थिति हद से ज्यादा आगे बढ़ी तो एक बार नपा ने सख्ती से कार्रवाई करते हुए चार डंपर रेत पकड़ी। वर्तमान में रेत की कीमत छह हजार से आठ हजार रुपए ट्रॉली तक है। डंपर में तीन ट्रॉली के मान से बारह ट्रॉली की न्यूनतमत कीमत 78 हजार रुपए से अधिक है। गरीबी की आड़ में ये लोग राजस्व विभाग को चूना लगा रहे हैं। जब कर्मचारी रोकने जाते है तब ये महिलाओं को आगे कर देते हैं और इसके चलते डरकर कर्मचारी पिछे हट जाते हैं।

### ऐसे समझें रेत व पानी चोरी...

### जंगल में किनारों पर लगे अनगिनत पंप

शिवना नदी भावगढ़ क्षेत्र से निकलकर मंदसौर तक आ रही है। ऐसे में ग्रामीण क्षेत्र व खेत-खलिहानों से लेकर जंगल क्षेत्र में अनगिनत पंप लगे है। नंदावता व राजस्थान बॉर्डर के अलावा मंदसौर तक के एक दर्जन से अधिक गांवों में अनगिनत पंप लगे है। अकेले नंदावदा के जंगलों में ही 50 से अधिक पंप लगे हुए है। 30 किमी तक नंदावता, भावगढ व मंदसौर तक में रेत के अवैध पांईट भी कई जगहों पर बने हुए है। इतना ही नहीं शिवना में पंप डालकर पानी चोरी के साथ सिंचाई की जा रही है तो रेत निकालकर शिवना के पानी से ही रेत धोने का काम किया जा रहा है। इस तरह प्रतिबंध के बाद भी अवैध रुप से शिवना से रेत व पानी की चोरी हो रही है। बावजूद अब तक इस ओर किसी ने कार्रवाई नहीं की है।



# सड़क हादसा: दो महिलाओं की मौत, एक घायल

## डंपर ने बाइक को टक्कर मारी, लोगों ने शव रखकर लगाया जाम


**गरोठ, 25 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** बर्डिया अमरा क्षेत्र में एक डंपर ने बाइक का टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार दो महिलाओं की दर्दनाक मौत हो गई। वहीं बाइक चालक घायल हो गया। इधर आक्रोशित लोगों ने चालक को पकड़ लिया। वहीं एक अन्य मौके से भाग निकला। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। यहां जैसे तैसे चालक को ग्रामीणों से छुड़ाकर थाने ले गई। इधर लोगों ने मुआवजे की मांग लेकर सडक़ पर शव रखकर प्रदर्शन किया। इसके बाद एसडीएम मौके पर पहुंचे। लोगों से बात करके समझाईश और आश्वासन दिया।

### ग्रामीणों से छुड़ाकर पुलिस ले गई थाने

शनिवार सुबह गरोठ थाना क्षेत्र के ग्राम बरडिया अमरा के पास एक बाइक सवार किशनलाल पिता रामलाल साथ में खमीराबाई पति गुलाब उम्र 65 वर्ष एवं राधाबाई पिता पीरु लाल उम्र 20 वर्ष को अपने साथ बाइक पर बैठाकर कहीं जा रहा था। इसी दौरान बर्डिया अमरा और दसोरिया रोड क्रासिंग पर एक डंपर ने बाइक को टक्कर मार दी। डंपर गरोठ-उज्जैन फोर लेन के निर्माण कार्य में लगा था। घटना में दोनों महिलाओं की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि, किशनलाल घायल हो गया। इसके बाद लोग एकत्रित हो गए और डंपर चालक को पकड़ा। इधर डंपर चालक के साथ मौजूद एक व्यक्ति भाग निकला। सूचना...... शेष पेज 4 पर

# जनजाति और पिछड़ा वर्ग के मत कांग्रेस की सरकार बनवाएंगे!

**मंदसौर/उज्जैन, 25 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** वर्ष 2018 की विधानसभा में जयस की मदद के कारण ही कांग्रेस की सरकार बन पाई थी इस बार भी कांग्रेस ने जनजाति के अलावा पिछडे वर्ग के भी प्रत्याशी बनाने में कोई कोताही नहीं बरती है। ऐसे में अगर इन वर्गों के प्रत्याशी अपने क्षेत्र से जीतकर आते हैं तो सामान्य वर्ग के साथ मिलकर 2018 की तरह नतीजे कांग्रेस के पक्ष में आने की संभावना ज्यादा नजर आ रही है। जनजाति समाज की आबादी मध्य प्रदेश में 21 प्रतिशत है और ईनके लिए विधानसभा की 48 सीटें आरक्षित है। वर्ष 2013 में भाजपा ने जयस के साथ बढ़त लेते हुए 48 में से 34 सीटें पा ली थी। जबकि, 2018 के पहले जयस ने कांग्रेस से समझौता कर लिया था। तब बड़वानी, झाबुआ, धार, अलीराजपुर मिलकर कांग्रेस को 48 में से 32 सीटें मिली थी। भाजपा 34 से घटकर 16 सीटों पर सीमट गई थी। जयस का साथ मिलता तो स्पष्टसरकार बनती।


चन्द्रमोहन भगत

यही कारण है कि 2020 में कांग्रेस में सेंधमारी कर उधार के सिंदूर पर भाजपा ने सरकार बना ली थी। हाल के विधानसभा चुनाव में फिर 2018 के चुनाव जैसे हालात है। जायस कांग्रेस के साथ है, पिछड़ा वर्ग को भी कांग्रेस ने भाजपा से अधिक प्रत्याशी देकर अपने पक्ष में कर लिया है। इधर शासकीय कर्मचारियों में पुरानी पेंशन योजना के कारण देश भर में भाजपा से मोहभंग हो चुका है। और ये मोहभंग निश्चित ही भाजपा सरकार को नुकसान पहुंचाने का कारण बनेगा। हिमाचल और कर्नाटक के नतीजे भी यही दर्शा रहे हैं। फिर बढ़ती महंगाई और बेरोजगारी ने भी भाजपा के प्रति विरोध का तापमान बहुत बढ़ा दिया है। इसके साथ ही नरेंद्र तोमर के बेटे देवेंद्र तोमर के वीडियो, भ्रष्टाचारियों के साथ लेकर राज्यों में सरकार बनाने को लेकर भाजपा के प्रति जनमत की नाराजगी का लाभ भी कांग्रेस को ही मिलने वाला है। अत: ऐसे वातावरण में नतीजे के पहले का वातावरण कांग्रेस की सरकार बनने का पक्ष मजबूत कर रहा है।

मंदसौर संसदीय क्षेत्र में भी भाजपा पिछड़ा वर्ग को प्रत्याशी बना प्रतिनिधित्व देने में पीछे रह गई। ऐसे राजनीतिक दृश्य के कारण लग रहा है की जनमत में बदलाव की बयार काम कर गई है। यह भी स्पष्ट लग रहा है कि केंद्र सरकार की नीतियों के कारण जनमत में जो नाराजी पनप रही थी और खासकर शासकीय कर्मचारियों में उसके असर का मत भी कांग्रेस के खाते में गया है। रही बात चुनावी द्वंद की तो प्रत्याशियों को लेकर दोनों दलों में विद्रोह बराबर था तो नुकसान भी बराबर हुआ होगा। कुल मिलाकर चुनावी वातावरण के नापतौल का सार कांग्रेस की सरकार बनने के पक्ष में थोड़ा ज्यादा नजर आ रहा है।

# पेड़ से बांध युवक के साथ की मारपीट

## मजदूर की बाईक, मोबाईल और नकदी ले गए बदमाश

**नीमच, 25 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** बघाना थाना क्षेत्र ग्राम दारू- दूदरसी मार्ग पर शुक्रवार रात तीन अज्ञात बदमाशों ने एक बाइक सवार युवक के साथ मारपीट कर लूट की वारदात को अंजाम दिया। दरअसल हरीश मेघवाल निवासी दारू रोज की तरह मजदूरी कर नीमच से घर लौट रहा था। इसी दौरान दारू-दूदरसी मार्ग पर अज्ञात बाइक सवार तीन बदमाशों ने युवक की बाइक को ओवरटेक कर रोका और बाइक की चाबी निकाल ली।

इसके बाद युवक को पेड़ से बांधकर जमकर बेल्ट, लकड़ी ओर हेलमेट से मारपीट की। फिर बदमाश युवक की बाइक एमपी 44 - 6480, मोबाइल, बेग और नगदी लेकर फरार हो गए। किसी तरह युवक अपने गांव पहुंचा और परिजनों और ग्रामीणों को घटना की जानकारी दी। तत्काल परिजन उसे नीमच के बड़े अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां प्राथमिक उपचार के बाद युवक बघाना थाने पर पहुंचा और घटना की रिपोर्ट दर्ज कराई। मामले में पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर अज्ञात बदमाशों की तलाश शुरू कर दी है। पीड़ित युवक हरीश मेघवाल ने बताया कि मैं घर जा रहा था, रास्ते में तीन बाइक सवार बदमाशों ने गाड़ी को ओवरटेक कर मुझे रोका, पहले हेलमेट से मारपीट की और बाद में बबूल के पेड़ से बांधकर करीब 15 से 20 मिनट तक मारा। फिर बाइक, बेग, मोबाइल छीन कर फरार हो गए। मामले में पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की है।




बुलंदियों के आसमान को छुना तुम चांद बनकर।
जीवन में महकों तुम गुलशन की शान बनकर।
हमारे परम प्रिय, मां सरस्वती के वरद पुत्र, दैनिक गुरु एक्सप्रेस के संपादक
श्री आशुतोषजी नवाल



को आज जन्मदिवस पर




हार्दिक शुभकामनाएं



********* बधाईकर्ता *********
ध्रुव बघेरवाल
श्री सांवरिया इन्फ्रास्ट्रक्चर
मंदसौर


मनोज पालीवाल
पालीवाल कंस्ट्रक्शन
मंदसौर



# डेढ़ सौ क्विंटल प्याज लेकर ट्रक चालक फरार, तलाश जारी

**कृषि उपज मंडी में एक व्यापारी से ट्रक चालक 150 क्विंटल प्याज लेकर फरार हो गया**





**रतलाम, 25 नवम्बर गुरु एक्सप्रेस।** महू रोड स्थित कृषि उपज मंडी में एक व्यापारी से ट्रक में डेढ़ सौ क्विंटल से अधिक प्याज भरवाकर ट्रक ड्राइवर फरार हो गया। उसने अपना मोबाइल फोन भी बंद कर रखा है। दो माह बाद व्यापारी ने उसके खिलाफ स्टेशन रोड थाना पर रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने धारा 406 के तहत अमानत में खयानत करने का मामला दर्ज किया है।


जानकारी के अनुसार प्याज व्यापारी सैयद अली जाका निवासी रहमत नगर जावरा रोड ने पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उन्हें 20 सितंबर 2023 को दिल्ली की आजादपुर मंडी में प्याज भेजना थी। प्याज भेजने के लिए ट्रांसपोर्टर सुनील योगी निवासी नीमच के माध्यम से बात की थी। उन्होंने एक ट्रक ड्राइवर को ट्रक (एचआर-55/एके-8692) लेकर मंडी परिसर में स्थित दुकान पर भेजा था।

**एडवांस में दिए 15 हजार रुपये**–ट्रक लेकर आए ड्राइवर ने ट्रक खुद का बताते हुए अपना नाम चरण सिंह पुत्र भीम सिंह निवासी ग्राम कासन जिला गुड़गांव (हरियाणा) बताया था। उन्होंने ट्रक में 150 क्विंटल 93 किलो प्याज भरवाकर दिल्ली की आजादपुर मंडी में व्यापारी सोनू की दुकान पर गुरदासमल देवराज ले जाने के लिए कहा था। ट्रक का किराया 45 हजार रुपये लेना तय कर एडवांस में उसे 15 हजार रुपये दिए थे। वह प्याज लेकर रवाना हो गया था।

**ट्रक चालक ने बंद किया फोन**–व्यापारी ने बताया कि दो घंटे बाद उसके मोबाइल फोन पर काल किया तो मोबाइल फोन बंद मिला। दूसरे दिन व्यापारी सोनू को फोन लगाकर पूछा तो उन्होंने बताया ट्रक नहीं आया है। इसके बाद ड्राइवर को कई बार फोन किए, लेकिन उसका फोन बंद ही बताता रहा। कई जगह उसकी तलाश की, लेकिन वह नहीं मिला। व्यापारी की शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# पहले भरो शुल्क, फिर मिलेगी बिजली, इंदौर-उज्जैन संभाग में प्री पेड की तैयारी

**मध्य प्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने भेजा टैरिफ प्लान, नियामक आयोग से मंजूरी का इंतजार, शुरुआत सरकारी विभागों से होगी**



**इंदौर, 25 नवम्बर गुरु एक्सप्रेस।** मध्य प्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी इंदौर-उज्जैन संभाग में प्री-पेड बिजली व्यवस्था शुरू करने की तैयारी कर रही है। इसकी शुरुआत सरकारी कार्यालयों से होगी। ये विभाग अपने-अपने कार्यालयों में खर्च होने वाली बिजली का अनुमानित अग्रिम भुगतान करेंगे और उसके बाद बिजली का उपयोग करेंगे। जितनी राशि जमा होगी, उतनी बिजली का ही उपयोग यहां हो सकेगा। इसके बाद फिर राशि जमा कर आपूर्ति को निर्बाध रखा जा सकेगा।

प्रमुख सचिव के निर्देश पर कंपनी ने योजना तैयार कर ली है। हालांकि, इसे लागू करने से पहले कंपनी को नियामक आयोग की मंजूरी का इंतजार है। ऊर्जा सचिव संजय दुबे ने स्मार्टमीटर को लेकर बैठक ली। उन्होंने निर्देश दिए कि शासकीय कार्यालयों में अगले तीन महीनों में प्री-पेड बिल सिस्टम लागू करने की तैयारी हो। स्मार्टमीटर योजना का लाभ भी कंपनी और उपभोक्ता को मिले।

**सीधे कंट्रोल रूम पहुंचती है मीटर की रीडिंग**–पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने सबसे पहले इंदौर से स्मार्ट मीटर प्रोजेक्ट शुरू किया था। अगले दो वर्षों में सभी शहर स्मार्ट मीटर से लैस करने की तैयारी में कंपनी जुटी है। स्मार्ट मीटर में सुविधा है कि रीडिंग सीधे बिजली कंपनी के कंट्रोल रूम जाती है। कनेक्शन काटने और शुरू करने की प्रक्रिया भी कंट्रोल रूम से कंप्यूटर के जरिए हो सकती है। लिहाजा स्मार्ट मीटर से यह सुविधा मिल सकती है कि इसे प्रीपेड के लिए प्रोग्राम किया जा सके। तय यूनिट खर्च होने पर आपूर्ति रुक जाए।

**बिल पर मिलेगी छूट**–सूत्रों के अनुसार, प्री-पेड विकल्प चुनने वाले उपभोक्ताओं को प्रत्येक यूनिट बिजली पर एक पैसे से 10 पैसे तक की छूट देने की योजना है। बिजली कंपनी उम्मीद कर रही है कि जल्द नियामक आयोग टैरिफ प्लान को मंजूरी दे देगा।

**क्या पहले पैसा देंगे ?**–बिजली कंपनी की इस योजना के पहले सवाल भी उठ रहे हैं कि क्या सरकारी विभाग अग्रिम बिल भुगतान करेंगे? दरअसल, बीते वर्षों में नगर निगम से लेकर पुलिस थानों और सरकारी विभागों का रवैया बिल चुकाने के प्रति सुस्त रहा है। निगम पर तो करोड़ों रुपये बकाया थे। बिजली कंपनी के अधीक्षण यंत्री इंदौर के मनोज शर्मा के अनुसार, बीते महीनों में निगम का बकाया हम क्लियर करवा चुके हैं। ज्यादातर विभाग नियमित बिल चुका रहे हैं।

**जल्द आ सकती है मंजूरी**–नियामक आयोग को प्रीपेड टैरिफ भेज चुके हैं। सुनवाई भी हो गई है। जल्द मंजूरी भी आ जाएगी। प्री-पेड उपभोक्ताओं को शुल्क में कुछ छूट देने का प्रस्ताव है। -पुनीत दुबे, निदेशक, पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी





# समुद्र की लहरों पर नियंत्रण किया जा सकता है किंतु दुष्ट के विचारों पर नहीं-भागवतानंद जी

**मंदसौर, 25 नवम्बर गुरु एक्सप्रेस।** देवकी के आठवें पुत्र को मारने के उद्देश्य से अपनी बहन और जीजा को कारागार में डालने वाले दुष्टकंस की कथा सुनाते हुए महाराज श्री ने कहा कि- हर युग में दुष्ट होते हैं और दुष्टों की विचारधारा समुद्र की लहरों की तरह आती जाती रहती है, एक बार समुद्र की लहरों पर नियंत्रण किया जा सकता है किंतु दुष्टकी विचारधारा पर कोई नियंत्रण नहीं किया जा सकता। भगवान श्री कृष्ण को जन्म से ही संघर्ष करना पड़ा तथा अपने योग बल और सत्य के आधार पर इसमें सफल हुए इस तरह संसार में मनुष्य को भी संसार के संघर्ष में सफल होने के लिए भागवत कथा तथा सत्य का सहारा लेना पड़ेगा और गलत बात का विरोध करने की ताकत में सब होनी चाहिए। जिस समाज में गलत को गलत कहने की ताकत उत्पन्न हो जाती है वहां से पाप अपने आप समाप्त हो जाता है।

कथा के दूसरे दिन भी भगवान श्री कृष्ण के चरित्र का वर्णन महाराज जी के द्वारा किया गया। इस अवसर पर क्षेत्र के विधायक श्री यशपाल सिंह सिसोदिया एवं शिक्षाविद श्री रमेशचंद्र चन्द्रे उपस्थित थे। महाराज जी का स्वागत माहेश्वरी महिला मंडल मंदसौर एवं चंदा कश्यप, कारूलाल सोनी, रिटायर्ड टी आई रूपनारायण दुबे, इंजीनियर बीएस सिसोदिया शिक्षाविद श्री देवेश्वर जोशी, जगदीश भावसार, समाजसेवी बंशीलाल टाक, प्रमोद तोषनीवाल, घनश्याम भावसार, नरेंद्र गुर्जर, पार्षद दिव्या अनूप महेश्वरी, लक्ष्मण तिवारी, जिला माहेश्वरी समाज मंदसौर, नगर माहेश्वरी समाज मंदसौर महेंद्र दरक, श्री कृष्ण चंद्र चिचानी इत्यादि के द्वारा किया गया। प्रसादी के लाभार्थी चंदा कश्यप, राजेश अग्रवाल, महेंद्र दरकार, एवं पुष्पेंद्र भावसार थे।

# कलेक्टर ने सशस्त्र सेना झण्डा दिवस की तैयारियों के संबंध में जिलाधिकारियों की बैठक ली, दिये निर्देश



**नीमच, 25 नवम्बर गुरु एक्सप्रेस।** जिले में सैनिकों के कल्याण के लिये आमजनों में वातावरण निर्मित हो लोग देश की अखण्डता, एकता एवं सुरक्षा में अपना बलिदान देने वाले वीर जवानों के त्याग एवं बलिदान को महसूस करें और सैनिकों एवं उनके आश्रितों के कल्याण के कार्यो के लिये स्वेच्छिक रूप से आर्थिक सहयोग के लिये आगे आये, यह बात कलेक्टर श्री दिनेश जैन ने शनिवार को सशस्त्र सेना झण्डा दिवस की पूर्व तैयारियों के संबंध में कलेक्टोरेट में सभी जिला अधिकारियों की बैठक को संबोधित करते हुये कही।

कलेक्टर ने कहा कि, सभी अधिकारी सैनिकों के कल्याण के लिये अपना एक दिन का वेतन सहयोग के रूप में जमा करवायें और अपने अधिनस्थ कर्मचारियों को भी सौ रूपये से लेकर एक हजार रूपये तक की सहयोग राशि जमा करवाने के लिये प्रेरित करें। कलेक्टर ने कहा कि, यह अभियान पूर्णत: स्वेच्छिक है और प्रयास यह है कि, जिले के नागरिक इस अभियान से जुडे और सैनिकों के कल्याण के लिये आर्थिक सहयोग के लिये आगे आये। सशस्त्र सेना झण्डा दिवस के दिन सभी जिला अधिकारी निर्धारित रूट पर शहर में बाजार का भ्रमण कर सैनिक कल्याण के लिये सहयोग राशि दानदाताओं से संग्रहित करेंगे। कलेक्टर ने संबंधित एसडीएम को भी अपने उपखण्ड स्तंर पर स्वयं सेवी संस्थाओं और सामाजिक संगठनों की बैठक कर उन्हे आर्थिक सहयोग के लिये प्रेरित करने के निर्देश दिये। उल्लेंखनीय है कि, जिले में सशस्त्र सेना झण्डा दिवस पर इस वर्ष 50 लाख से अधिक सहयोग राशि सभी के सहयोग के एकत्रित कर सैनिक कल्याण कार्यालय के खातें में जमा करवाने का लक्ष्य तय किया गया है। कलेक्टर ने विश्वांस जताया कि सभी के सहयोग से नीमच जिला यह लक्ष्य हासिल कर प्रदेश एवं देश का अग्रणी जिला बनेगा।

## आम आदमी पार्टी मंदसौर लोकसभा में मनाएगी संविधान दिवस एवं स्थापना दिवस

**मंदसौर, 25 नवम्बर गुरु एक्सप्रेस।** आम आदमी पार्टी 26 नवंबर को मंदसौर लोकसभा क्षेत्र में विधानसभा स्तर पर संविधान दिवस एवं आम आदमी पार्टी का स्थापना दिवस बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाएंगी। इस अवसर पर मंदसौर संसदीय क्षेत्र के आप के लोकसभा प्रमुख नवीन कुमार अग्रवाल एवं मंदसौर जिला अध्यक्ष गंगाराम पाटीदार गांधी सागर 11:00 बजे, भानपुरा 12:30, गरोठ 2 बजे, शामगढ़ 3 बजे, सुवासरा 4:30 बजे एवं सीतामऊमें 6 बजे विभिन्न कार्यक्रमों में आम आदमी पार्टी के साथियों के साथ सहभागिता दर्ज करवायेंगे। उक्त जानकारी आप के जिला मीडिया प्रभारी डॉ.प्रकाश दोसावत द्वारा दी गई।

# कलेक्टर ने राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ किया मतगणना केंद्र एवं स्ट्रांग रूम परिसर का निरीक्षण



**नीमच, 25 नवम्बर गुरु एक्सप्रेस।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री दिनेश जैन एवं जिला पंचायत सीईओ श्री गुरू प्रसाद ने शनिवार को विधानसभा निर्वाचन 2023 के तहत होने वाली मतगणना के लिए स्थापित मतगणना केंद्र शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय नीमच के परिसर एवं स्ट्रांग रूम परिसर का राजनैतिक दलों प्रतिनिधियों के साथ निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।कलेक्टर ने सीसीटीवी के माध्यम से स्ट्रांग रूम परिसर की, की जा रही निगरानी एवं सुरक्षा व्यवस्था कार्य का अवलोकन किया और संबंधितों को आवश्यक निर्देश भी दिए। कलेक्टरर ने राजनैतिक दलों प्रतिनिधियों के साथ सीसीटीव्हीट निगरानी एवं रिकार्डिंग कक्ष का अवलोकन कर कंट्रोल रूम के माध्यधम से स्ट्रांग रूम कक्षों की सुरक्षा व्यवस्थाध एवं निगरानी कार्य का अवलोकन किया। राजनैतिक दलों प्रतिनिधियों ने मतगणना केन्द्रम, स्ट्रांकग रूम की सुरक्षा व्य वस्थाल एवं निगरानी की पारदर्शी व्यनवस्थाट को संतोषजनक बताया। इस मौके पर श्री ब्रजेश मित्तंल, श्री कृष्णाद शर्मा सहित एसडीएम मनासा श्री पवन बारिया, श्री राजकुमार हलदर, तहसीलदार प्रेम शंकर पटेल, श्री यशपाल मुजाल्दी, श्री संजय मालवीय एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## साइडर फुटबॉल टूर्नामिंट का शुभारंभ, प्रथम दिन 4 मैच खेले गए



**मंदसौर, 25 नवम्बर गुरु एक्सप्रेस।** चंबल फुटबॉल क्लब (CFC) द्वारा आयोजित स्वर्गीय गौरव गिरवाल स्मृति 7-साइडर फुटबॉल टूर्नामिंट के प्रथम दिन 4 मैच खेले गए, जिसमे प्रथम मैच में ब्लैक टाइगर्स ने सरस्वती की टीम को 1-0 से, द्वितीय मैच में CFC (अ) ने अटैकिंग धरियाखेड़ी को 1-0 से, तृतीय मैच में साई FC (इ) ने सितामऊकी टीम को पेनाल्टी शूटआउट में 2-1से तथा चतुर्थ मैच में CFC (इ) ने मंदसौर यूनिवर्सिटी स्टार्स की टीम को 1-0 से हरा कर अगले दौर में प्रवेश किया।अब कल रविवार को अगले दौर तथा सेमीफाइनल के मैच खेले जाएंगे।आज के कार्यक्रम के मुख्य्य अतिथि श्री दीपक शर्मा (दादा), श्री राजेश चौहान, श्री गोरधन सिंह चौहान, श्री राकेश श्रीवास्तव थे। संचालन श्री अंशुल शर्मा ने किया तथा आभार सचिव श्री ईश्वर सिंह ने व्यक्त किया। आज के कार्यक्रम में विपिन शर्मा, सुरेंद्र प्रताप सिंह, बाबू गुर्जर, राहुल सिंह सिसौदिया, आशुतोष श्रीवास्तव, राजू मोड़ा, दक्ष गौड़, शुभम परमार, आयुष झावा, भावार्थ निखड़े, निमिष दुग्गड, देवव्रत तुगनावत सहित क्लब के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# नपाध्यक्ष के प्रयासों के कारण नपा परिषद को मेला आयोजन की अनुमति मिली

**मंदसौर, 25 नवम्बर गुरु एक्सप्रेस।** दिनांक 23 नवम्बर को देवउठनी एकादशी से भगवान श्री पशुपतिनाथ महादेव का मेला प्रारंभ हो गया है। 20 दिवसीय मेला की तैयारियां नपा परिषद मंदसौर द्वारा प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी दीपावली पूर्व ही शुरू कर दी गई थी। पशुपतिनाथ महादेव का मेला परम्परानुसार इस वर्ष भी समय पर आयोजित हो इसके लिये नपाध्यक्ष श्रीमती रमादेवी बंशीलाल गुर्जर व सीएमओ श्री सुधीर कुमार सिंह के द्वारा लगातार व सतत प्रयास किये गये। नपा परिषद के द्वारा दिनांक 1 नवम्बर को मेला प्रारंभ होने के 22 दिवस पूर्व ही एक पत्र कलेक्टर व भारत निर्वाचन आयोग को मेला के आयोजन हेतु भेजा गया। दिनांक 6 नवम्बर को पुन: एक स्मरण पत्र भेजा गया और मेला के आयोजन की अनुमति निर्वाचन आयोग से मांगी गई ताकि मेला की तैयारियां समय पर की जा सके। दिनांक 17 नवम्बर को म.प्र. विधानसभा चुनाव के मतदान होने के बाद नपाध्यक्ष श्रीमती गुर्जर ने नपा के अधिकारियों, कर्मचारियों के साथ कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी श्री दिलीप कुमार यादव से उनके कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंचकर मेला के संबंध में चर्चा की और मेला के आयोजन की अनुमति देने का आग्रह किया। नपाध्यक्ष श्रीमती गुर्जर के द्वारा भारत निर्वाचन आयोग को भी इस संबंध में पत्र भेजा गया। नपाध्यक्ष श्रीमती गुर्जर व नपा के अधिकारियों कर्मचारियों के सामूहिक प्रयासों के कारण नपा को 22 नवंबर को मेला प्रारंभ होने के एक दिवस पूर्व अनुमति प्राप्त हुई। नपा परिषद भारत निर्वाचन आयोग व कलेक्टर श्री दिलीप कुमार यादव के प्रति आभार व्यक्त करती है कि उन्होंने नपा के पत्रों पर संज्ञान लेते हुए परम्परा अनुसार देव उठनी एकादशी से 20 दिवसीय मेला लगाने की अनुमति प्रदान की।

## चल समारोह का भाजपा द्वारा स्वागत किया

**मंदसौर, 25 नवम्बर गुरु एक्सप्रेस।** भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय मंदसौर पर सिख समाज के प्रवर्तक प्रथम गुरु श्री गुरु नानक देव जी महाराज के प्रकाशोत्सव पर निकले भव्य चल समारोह का स्वागत भाजपा जिलाध्यक्ष नानालाल अटोलिया, भाजपा मंडल अध्यक्षगण अरविंद सारस्वत एंव अजय आसेरी के नेतृत्व में भव्य स्वागत कर सिख समाज बंधुओं पर पुष्प वर्षा की गई। इस अवसर पर निलेश जैन, विनय धनगर, निर्मला गुप्ता, नरेश चंदवानी, राम कोटवानी, पुलकित पटवा, बंटी चौहान, नितिन ब्रिजवानी, हर्ष पाटील, नरेंद्र पंवार, कमलेश सिसोदिया, गरिमा भाटी, दीपक गाजवा, अमन फरक्या, बंशी धनगर, अरूण भावसार, आकाश निगम, यशवर्धन जैन, हर्ष शर्मा, कन्हैयालाल शर्मा सहित अनेक कार्यकर्ता गण उपस्थित थे।



## पोरवाल महिला महासभा व्दारा तुसली विवाह, अन्नकूट व कीर्तन का आयोजन

**नाहरगढ़, 25 नवम्बर गुरु एक्सप्रेस।** अखिल भारतीय पोरवाल महिला महासभा मध्यप्रदेश इकाई द्वारा देवोत्थान एकादशी के पावन अवसर पर कई स्थानों पर तुलसीजी व शालीग्राम विवाह, अन्नकूट का भव्य आयोजन किया गया!

इस सम्बन्ध मे जानकारी देते हुवे अखिल भारतीय पोरवाल महिला महासभा के मध्यप्रदेश इकाई की प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती सुनीता मुजावदिया, प्रदेश महामंत्री श्रीमती गायत्री डपकरा ने बताया की दीपावली केपश्चात देवोत्थान एकादशी के पुण्य अवसर पर तुलसी शालीग्राम विवाह, छप्पन भोग,कीर्तन, अन्नकूट कान्हाजी की परिक्रमा,दीप उत्सव, गौमाता का पूजन,कान्हाजी क़ो हल्दी व मेहंदी लगाकर परिक्रमा व कई गतिविधिया महासभा के आव्हान पर पुरे प्रदेश मे मंदसौर, नीमच, उज्जैन, देवास, इंदौर, उन्हेंल, नागदा, ताल, रतलाम, जावरा, महिदपुर रोड, भवानीमंडी, आलोट, गरोठ, भानपुरा, सुवासरा, शामगढ़, सीतामऊ,झालरापाटन पाटन,रामपुरा, कुकडेश्वर, मनासा, पिपलिया मंडी सहित कई स्थानों पर कि गई।

# व्यंग्य:गधा गिरी जिंदाबाद



**मंदसौर, 25 नवम्बर गुरु एक्सप्रेस।** गधा एक ऐसा प्राणी है जिसे वर्ष में एक बार खुश होने का अवसर मिलता है वह होता है कार्तिक मास। इन दिनों इनका मालिक इन्हें नहलाता- धुलाता है ,शरीर पर मेहंदी महावर रचता है गले, पैरों, कानों का श्रृंगार करता है और फिर मेले में ले जाता है यह मेला उज्जैन की शिप्रा तट पर हो या चित्रकूट के घाट पर शाहरूख रणवीर, ऋतिक के नाम हो या सतना के मेले में शाहरुख पैंसठ हजार, केटरीना इकतालीस हजार में बिकी हो या राजस्थान के जयपुर भावगढ बंधिया में यहां गधे बड़े खुश नजर आते हैं। इस दिनों इनके मालिक उनकी तारीफों के फूल बांधते हैं गधे मस्त हो जाते हैं किंतु उनकी मस्ती दूसरे दिन उसे समय काफूर हो जाती है जब उनकी डोर अपरिचित मलिक के हाथ में होती है जो इन पर महंगाई की तरह वजन लाद देता है, तथा गति लाने के लिए चाबुक मार रहा होता है उसे समय ऐसा लगता है जैसे चुनाव- वोट डालने का दिन चला गया हो और आम मतदाता की तरह आम दिनों में जी रहा हो।

गधा एक प्रतीक है अनैच्छिक भार ढोने का अच्छा हो या बुरा नानू नच किये बिना उसे किसी भी प्रकार का किसी का भी किसी भी समय बिना तर्क किए बिना बुद्धि पर जोर लगाए एक अच्छे-सच्चे सामान्य आदमी की तरह पीठ पर लगा टेक्स व नियमों का भार ढोना है , और खाने में मिलावटी खाद्य खाना इलाज में मंहगी या नकली दवाइयां लेना ही है। इसे तो बस पीछे चल रहे मालिक की चाबुक के इशारे पर सारे आदेशों भार ढोकर चलना ही है। जब तक की मालिक का फायदा नहीं हो जाता। गधा मेहनती होता है श्रम शील होता है इसलिए श्रमशील को सारे भारत ढोना उसकी नियति है ।उसकी अपनी कोई सोच नहीं होती , होती है तो बस उसकी पीठ होती है जो हरदम उसके मालिक को दिखाई देती है चाहे वह उस पर भार लादे रखे या स्वयं सवारी करे।

मेरे देश के बदहाल गरीब के उघाड़े बदन पर बदहाल चिकित्सा शिक्षा महंगाई के कोड़े से किसी का दिल पसीजे या नहीं पसीजे किंतु एक बार विपुल फॉर एनिमल्स का दिल गधों के लिए पसीजा और उन्होंने एक बार बांसवाड़ा के कलेक्टर व मजिस्ट्रेट से यह नियम लगवा दिया कि गधे अब पेंतीस किलो से ज्यादा वजन नहीं ढोएंगे ।उस समय गधों के दिन भी फिर गए थे गधों के फिरे दिन देख उस समय मेरे एक परिचित ने कहा था अरे यार मेरे ऑफिस में मेरे सहभागी और अधिकारी अपना काम भी मुझ पर डाल देते हैं उनका काम उनसे करने के लिए कहते हैं तो अधिकारी कहता है, 'वह बाबूजी काम नहीं करते इसीलिए तो आपको काम करने के लिए दिया जाता है।' मैंने कहा , ' अरे भाई काम उसे ही दिया जाता है जो काम करता है जो काम नहीं करता वरना उसे काम कौन देना चाहेगा।'

वह बोला , ' पर मैं तो गधे की तरह लगा रहता हूं और वे अपनी कुर्सी छोड़ दिन भर मटरगस्ती में लगे रहते हैं और ऊपर से रोब भी झाड़ते हैं।' मैंने कहा , ' अरे मित्र उनमें जो अतिरिक्त कला है नेतागिरी की किसी भी पार्टी के वफादार रहने की या अधिकारी के खास बने रहने की इसलिए तुम गधागिरी करने के लिए बाध्य हो सामने वाली कुर्सी के अनुसार तुममें लोच नहीं है अत: गधा गिरी करते रहो कभी तुम्हारे दिन भी फिरेंगे कभी तुम भी गुलाब जामुन खाने लगोगे जैसे एक नेताजी ने गधे का सम्मान कर उस पर सवार होकर चुनाव की उम्मीदवारी का फार्म भरने गये थे उनका मानना है कि गधा उनके के लिए शुभ है। यों तो कई अपनी-अपनी पार्टी की जिंदगी भर गधागिरी करते आए और उनको टिकट न मिला ये ओर बात है। मेला व चुनाव साम्यता रखते हैं। गधे को बाप बनाने की प्रक्रिया बदस्तूर जारी रहती है। जो प्रभावशालियों का अनुचित कहा काम नहीं करता वह गधे पर चढ़ा दिया जाता है या गधा बना दिया जाता है। गधों को कोई भी कैसा भी चारा डाले वे खा जाते हैं कोई न खाए ये ओर बात है।

**भगवती प्रसाद गहलोत**
**पिपलियामंडी**

## मतगणना स्थल पर मोबाईल ले जाना पूर्णत: प्रतिबंधित

**मंदसौर, 25 नवम्बर गुरु एक्सप्रेस।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री दिलीप सिंह यादव ने बताया कि विधानसभा निर्वाचन 2023हेतु जिले के विधानसभा क्षेत्र 224 मंदसौर, 225 मल्हानरगढ़, 226 सुवसरा एवं 227 गरोठ हेतु मतगणना 3 दिसम्बंर कोप्रात: 08 बजे से शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय मन्दसौर में प्रारंभ होगी। निर्वाचन आयोग के निर्देशो के अनुसार मतगणना स्थल पर मोबाईल पूर्णतया प्रतिबंधित है। मतगणना हेतु संलग्नक विभिन्ना शासकीय सेवकों, अभ्यरर्थियों, गणनअभिकर्ताओं, निर्वाचन अभिकर्ताओं के मोबाईल प्रथम सुरक्षा घेरे के बाहर (श्री कोल्डध चौराहा मंदसौर एवं जैन कॉलेज मंदसौर) में जमा करवाये जाने हेतु सशुल्की व्य वस्थार की जावेगी। जिसके लिये शुल्क राशि 50 रूपये निर्धारित रहेगा, जो सैनिक कल्याचण निधि में जमा होगा। इन काउन्टकर के संचालन हेतु जिला सैनिक कल्यातण अधिकारी मंदसौर को प्रभारी नियुक्ति किया गया है। मोबाईल धारकों के मोबाईल जमा करने के दौरान उन्हीं पावती दी जावें, तथा इसकी प्रविष्टिपंजी में दर्ज की जावें।

## देशी शराब की तस्करी करने वाले आरोपी को 2 साल की सजा

**नीमच, 25 नवम्बर गुरु एक्सप्रेस।** सुश्री संध्या मरावी, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, नीमच द्वारा 7 पेटी अवैध रूप से देशी मसाला शराब की तस्करी करने वाले आरोपी शंकर पिता रामनिवास लोहार, 22 वर्ष, निवासी सरदार नगर, थाना बनेड़ा, जिला भीलवाड़ा (राजस्थान) को मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम, 1915 की धारा 34(2) के अंतर्गत दोषी पाते हुए 02 वर्ष के सश्रमे कारावास एवं 25000रू अर्थदण्ड से दण्डित किया।



प्रकरण में शासन की ओर से पैरवी करने वाले सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी श्री रितेश कुमार सोमपुरा द्वारा घटना की जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस थाना जीरन में पदस्थ उपनिरीक्षक आर. के. व्यास को मुखबिर सूचना मिली की मंदसौर की तरफ से दो व्यक्ति सिल्वर कलर की इंडिका कार में अवैध देशी मसाला शराब की तस्करी करते हुए उसे भीलवाड़ा (राजस्थान) की तरफ ले जाने वाले हैं। मुखबिर सूचना विश्वसनीय होने से पुलिस फौर्स सहित ग्राम चल्दू स्थित पुलिया के पास घेराबंदी की गई, फिर मंदसौर की तरफ से मुखबिर द्वारा बताये गये नंबर की कार आते हुए दिखाई दी, जिसे रोककर उसमें बैठे दोनों व्यक्तियों का नाम पूछने पर एक ने अपना नाम शंकर लोहार व दूसरे ने कमलेश गोस्वामी बताया। कार की तलाशी लिये जाने पर उसमें 7 पेटिया रखी हुई थी, जिसमें प्रत्येक पेटी में 750-750 एमएल की 12-12 देशी मसाला शराब बोतले थी, इस प्रकार कुल 84 बोतले थी। दोनों व्यक्तियों के पास शराब परिवहन का लाईसेंस व परमिट नहीं होने से अवैध देशी मसाला शराब को जप्त किया गया व दोनों आरोपीगण को गिरफ्तार कर उनके विरूद्ध पुलिस थाना जीरन में अपराध क्रमांक 148/13 की प्रथम सूचना रिपोर्ट पंजीबद्ध करते हुवे, विवेचना उपरांत अभियोग-पत्र नीमच न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। विचारण के दौरान एक आरोपी कमलेश गोस्वामी के फरार हो जाने से आरोपी शंकर लोहार के संबंध में विचारण उपरांत यह निर्णय पारित किया गया। अभियोजन द्वारा न्यायालय के समक्ष विचारण के दौरान जप्तीकर्ता अधिकारी, विवेचक व फोर्स के सदस्यों सहित सभी महत्वपूर्ण साक्षीयों के बयान कराकर आरोपी के द्वारा 50 बल्क लीटर से अधिक मात्रा में अवैध देशी मसाला शराब की तस्करी किये जाने के अपराध को प्रमाणित कराते हुवे।

## अवैध देशी कट्टा कब्जे में रखने वाले आरोपी को 2 साल की सजा

**नीमच, 25 नवम्बर गुरु एक्सप्रेस।** डॉ. श्रीमती रेखा मरकाम, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, नीमच द्वारा अवैध रूप से 315 बोर का देशी कट्टा मय जिंदा कारतूस अपने कब्जे में रखने वाले आरोपी भंवरलाल उर्फ गुड्डा पिता हरिसिंह बंजारा, उम्र-38 वर्ष, निवासी-ग्राम खेर मगरी, जिला प्रतापगढ़ (राजस्थान) को धारा 25(1-बी) आयुध अधिनियम, 1959 के अंतर्गत 02 वर्ष के सश्रम कारावास एवं 1000रू अर्थदण्ड से दण्डित किया।

प्रकरण में शासन की ओर से पैरवी करने वाले सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी श्री पारस मित्तल द्वारा घटना की जानकारी देते हुए बताया कि दिनांक 24.03.2016 को पुलिस थाना जीरन में पदस्थ उपनिरीक्षक जे. एस. डामोर द्वारा मुखबिर सूचना के आधार पर रायनखेड़ा फंटे पर स्थित बालाजी के मंदिर के पीछे से आरोपी द्वारा उसके कब्जे में रखे 315 बोर का देशी कट्टा मय जिंदा कारतूस को जप्त किया, जिसका उसके पास कोई वैध लाईसेंस नहीं था। आरोपी को गिरफ्तार कर जीरन में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना उपरांत अभियोग पत्र नीमच न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। अभियोजन द्वारा न्यायालय के समक्ष विचारण के दौरान जप्तीकर्ता अधिकारी सहित सभी महत्वपूर्ण साक्षीगण के बयान कराकर आरोपी के विरूद्ध अपराध को संदेह से परे प्रमाणित कराकर घटना की गंभीरता को देखते हुए उसको कठोर दण्ड से दण्डित किये जाने का निवेदन किया गया, जिससे सहमत होकर न्यायालय द्वारा आरोपी को उपरोक्त दण्ड से दण्डित किया गया। न्यायालय में शासन की ओर से पैरवी सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी श्री पारस मित्तल द्वारा की गई।

# आचार संहिता में भी भारी है स्मैक माफिया

### चार-पांच लीटर और दस बारह क्वार्टर दिख रहे, स्मैक नहीं!

**मंदसौर, 25 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** अंचल में स्मैक और गांजे का कारोबार धड़ल्ले से जारी है, शहर सहित गांव की गलियों में बिक रही नशीली वस्तुएं युवाओं की जिंदगी तबाह कर रही हैं। स्थिति यह है कि शहर में जगह-जगह खुलेआम स्मैक और गांजे की बिक्री हो रही है। गली मोहल्लों में यह नशा आसानी से मुहैया हो रहा है। आचार संहिता में सख्ती के बावजूद गरदुल्लों को स्मैक मिल रही है। जबकि, मतदान से पहले तो सख्ती ज्यादा थी। जहां चार पांच लीटर से लेकर 10-12 क्वाटर शराब तक पुलिस ने पकडी। लेकिन स्मैक माफियाओं तक पुलिस नहीं पहुंच पाई।

**कभी नहीं हुई सख्त कार्रवाई...**

बीते कई सालों से एक भी नशे के कारोबारियों पर प्रशासनिक चाबुक नही चला हैं। बता दें कि शहर व ग्रामीण क्षेत्र में कई वर्षों र्से गांजे और स्मैक का अवैध कारोबार खुलेआम हो रहा हैं। गांव-गांव तक फैला यह व्यापार तेजी से लोगों के बीच नशा बांट रहा हैं। इस अवैध व्यापार को रोकने के लिए नारकोटिक्स एक्ट बनाया गया है। लेकिन, पुलिस व आबकारी विभाग गांजे की बिक्री पर अंकुश नहीं लगा पा रहा हैं।

**मौका मिलते ही चढ़ा लेते है नशा...**

अक्सर देखा जाता है कि नशे के आदि व्यक्ति कहीं भी चिलम सुलगाने लगते है। चाहे वह सार्वजनिक स्थान हो या फिर खुला मैदान, इतना ही नही इस तरह का नशा करने वाले लोग सड़क के किनारे भी बैठ कर चिलम चढ़ाने लगते हैं। जानकारी के अनुसार गांजे और स्मैक के नशे को अधिकतर युवा एवं छोटे तबके के लोग कर रहे हैं।

**करोड़ों का है अवैध कारोबार...**

पुलिस द्वारा कार्रवाई नहीं करने से बेखौफ नशा कारोबारी नशे के नाम पर मौत के सामान को खुले तौर से बांट रहे हैं। जब शहर में पुलिसिया कार्रवाई की यह स्थिति है तो गांवों में क्या हो रहा होगा, इसका अंदाजा आसानी से लगाया जा सकता है। करोड़ो रूपए का यह अवैध कारोबार सुनने में ज्यादा भले लगे, लेकिन यह हकीकत है कि शहर सहित ग्रामीण इलाकों में प्रति माह लगभग एक खोखे से अधिक के गांजा और स्मैक का कारोबार हो रहा हैं। इतनी बिक्री का एकमात्र कारण यह है कि यह कारोबार या तो पुलिस के संरक्षण में फल-फूल रहा है, या फिर पुलिस को इसकी जानकारी नहीं हैं।



## दो दिन के भीतर बारिश, तेज हवा, ओलावृष्टि के आसार

**मंदसौर, 25 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** अंचल में ठंड का असर नजर आने लगा है। सुबह-शाम गर्म कपड़ो की जरूरत लगने लगी है। अधिकतम तापमान 28 डिग्री और न्यूनतम तापमान 13 डिग्री के आसपास बना हुआ है। अगले दो दिनों में मौसम में बदलाव होने के संकेत मौसम विभाग ने दिए हैं। 25 से 27 नवंबर के बीच मौसम बदलेगा। मौसम विभाग ने मध्यप्रदेश में 25 नवंबर को आठ, 26 नवंबर को 18 और 27 नवंबर को आठ जिलों में बारिश होने अनुमान दर्शाया है। इस दौरान तेज हवाओं के साथ बारिश और ओलावृष्टि की सम्भावना बताई जा रही है।

मंदसौर जिले में 27 नवंबर को इसका असर ज्यादा रहेगा। मौसम केंद्र के फोरकास्ट इंचार्ज डॉ. वेदप्रकाश सिंह ने बताया कि ईरान, अफगानिस्तान के आसपास वेस्टर्न डिस्टरबेंस एक्टिव हो गया है। अगले कुछ घंटों में चक्रवाती घेरा भी बन रहा है। अन्य सिस्टम भी एक्टिव है। इससे मध्यप्रदेश में बारिश, ओलावृष्टि और तेज हवा का दौर चलेगा।

**28-29 नवंबर के बाद ठंड में तेजी...**

सीनियर मौसम वैज्ञानिक डॉ. सिंह ने बताया कि सिस्टम गुजरने के बाद प्रदेश में ठंड का असर बढ़ेगा। मौसम विभाग के मुताबिक 28-29 नवंबर के बाद दिन-रात के तापमान में गिरावट आएगी। उत्तरी हवा आने से ठंड बढ़ेगी। दिसंबर के पहले सप्ताह में सर्दी और भी तेज हो जाएगी।

### मामला लाईनमेन की पोल से गिरकर मौत का...


## गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज

**नारायणगढ़, 25 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** बीती 25 अप्रैल को नारायणगढ़ थाना क्षेत्र के बादरी गांव निवासी सुखलाल की बिजली पोल से गिरकर हुई मौत के मामले के पुलिस ने सात महीने की जांच के बाद बरुजना निवासी जानकीलाल पाटीदार पर गैर इरादतन हत्या का प्रकरण दर्ज किया है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मृतक सुखलाल पिता फकीरा नायक उम्र 58 साल निवासी बादरी विद्युत विभाग बरुजना में अस्थायी लाइनमैन हेल्पर के रूप मे काम करता था। जिसे 25 अप्रैल 23 को सुबह करीब 7 बजे जानकीलाल उर्फ भेरुलाल पिता सुरजमल पाटीदार निवासी बरूजना, सुखलाल को उसके घर से खेत पर बिजली पोल पर तार जोडने के लिए ले गया था। मृतक ने जाने के लिए मना किया तो आरोपी ने मजबूरी बताते हुए मृतक को बताया था कि खेत पर मजदूर आ गए है। बबूल के पेड़ को काटकर कर जोड़ना है। इसके बाद मृतक उसके साथ जाने को तैयार हो गया। आरोपी जानकीलाल के खेत पर पहुंचने के बाद मृतक सुखलाल से बिजली के पोल पर चढकर काम करने लगा। इसी दौरान आरोपी जानकीलाल ने ट्रेक्टर से पोल के तार को खिंचा इससे बिजली का पोल टूट गया और पोल पर कार्य कर रहा सुखलाल पोल सहित नीचे जा गिरा। जिससे उसके सिर, पेर व शरीर मे गंभीर चोट लगने से अस्पताल ले जाते समय रास्ते मे ही मौत हो गई। मामले में पुलिस ने साक्षियों और गवाहों के बयान पर जांच रिपोर्ट तैयार की। इसमें पाया गया कि आरोपी जानकीलाल उर्फ भेरूलाल मृतक सुखलाल नायक को अपने साथ ले गया और सुरक्षा उपकरण के बगैर लापरवाही पूर्वक कार्य करवाया। जिससे हादसा हो गया और उसकी मृत्यु हो गई। मामले मे पुलिस ने जानकीलाल के खिलाफ धार 304 ए के तहत गैर इरादतन हत्या का प्रकरण दर्ज किया है।

## धर्मगुरु नानकदेवजी का जन्मोत्सव कल मनाया जाएगा

**मनासा, 25 नवम्बर गुरु एक्सप्रेस।** पंजाबी समाज के धर्मगुरु नानकदेव का जन्म उत्सव 27 नव. सोमवार को पूरी आस्था के साथ उत्साह पूर्वक मनाया जाएगा। उम्रागंज स्थित श्रीराम मंदिर स्थित गुरुद्वारा में प्रतीवर्ष अनुसार इस वर्ष भी 27 नव सोमवार को गुरुनानक का जन्म उत्सव उलास एवम उत्साह से मनाया जाएगा। उक्त जानकारी देते हुए श्रीराम मंदिर प्रभारी राम गुलाटी ने बताया की 27 नव को सुबह 8.00 बजे गुरुजी की अरदास होगी तत्पश्चात पूड़ी हलवा और दाल की प्रसादी का वितरण होगा। समाज अध्यक्ष देशराज दुआ ने नगर के सभी धर्म प्रेमी जनता से निवेदन किया है की गुरुजी के जन्म उत्सव में भाग जन्मोत्सव कार्यक्रम को सफल बनावे।



### मैजिक वाहन से बरामद हुए 3 गौवंश, ड्राइवर फरार

**पिपलियामंडी, 25 नवम्बर गुरु एक्सप्रेस।** टाटा मैजिक वाहन में 3 गौवंश बरामद हुए। ड्राइवर वाहन छोड़कर फरार हो गया। मल्हारगढ़ पुलिस ने फोरलेन पर सांवलिया ढाबे के पास नीमच की ओर से आ रहे टाटा मैजिक वाहन (एमपी 11 एलए 2395) को रोका, ड्राइवर मौके से फरार हो गया। वाहन की तलाशी लेने पर 3 गौवंश क्रूरतापूर्वक भरे होना पाए। पुलिस ने वाहन जब्त कर गौवंश को पहेड़ा गौशाला भिजवाया, ड्राइवर के खिलाफ केस दर्ज किया।

## बोरवेल मशीन चालक की लापरवाही से बिजली पोल गिरा

### केबल खिंचाव से दो खंबे और गिरने के कगार पर, गंभीर हादसे की आशंका





**कुचड़ौद, 25 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** कुचड़ोद बस स्टैंड पर बोरवेल चालक की लापरवाही के कारण बिजली का पोल गिर गया। जिससे बस स्टैंड पर अफरा तफरी मच गई। वह तो गनीमत रही की पोल नाले की तरफ गिरा अन्यथा बड़ा हादसा, जन धन होने की आशंका से इंकार नहीं किया जा सकता है।

जानकारी अनुसार सुबह 11 बजे गांव से रातीखेड़ी की तरफ बोरवेल मशीन केए 01 एमएफ 4259 जा रही थी। बोरवेल चालक ने ऊपर की तरफ ध्यान नहीं दिया। जिससे बोरवेल मशीन के उपर से जा रहे तारों को ऊंचा नहीं किए जाने से तार मशीन में फंस गए। इन तारो में खिंचाव के कारण बस स्टैंड स्थित बिजली पोल टूटकर गिर गया। वह तो अच्छा रहा कि नाले की तरफ खंभा गिरा। अन्यथा जनधन हानि की आशंका से इंकार नहीं किया जा सकता है। हादसे के वक्त बस स्टैंड पर काफी भीड़ थी। अचानक खंबा गिरने से अफरा तफरी मच गई। काफी भीड़ इकट्ठी हो गई। केबल खिंचाव के कारण दो खंबे और झुक गए। जो कभी भी गिर सकते हैं। बिजली विभाग को तत्काल ध्यान देकर टूटे हुए पोल के साथ पंचायत परिसर एवं पंचमुखी बालाजी के सामने दोनों तरफ के झुके हुए खंबे को भी सही करना चाहिए। अन्यथा कभी भी बड़ा हादसा होने की आशंका बनी रहेगी।

## जवाहरलाल नेहरू विधि महाविद्यालय में हमारा संविधान विषय पर कार्यक्रम सम्पन्न

**मंदसौर, 25 नवम्बर गुरु एक्सप्रेस।** मध्य प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर द्वारा प्रसारित वार्षिक कार्य योजना वर्ष 2023-24 के अनुपालन तथा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/ अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मंदसौर श्रीमान अजीत सिंह महोदय के मार्गदर्शन एवं जिला न्यायाधीश/ सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मंदसौर श्रीमान हर्ष सिंह बहरावत साहब के निर्देशन में संविधान दिवस के उपलक्ष में दिनांक 25 नवंबर 2023 को जवाहरलाल नेहरू विधि महाविद्यालय, मंदसौर में हमारा संविधान विषय पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया।





कार्यक्रम को संबोधित करते हुए माननीय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्रीमान अजीत सिंह महोदय ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि संविधान देश की सर्वोच्च विधि है और इसमें वर्णित मूल अधिकार तथा मूल कर्तव्य हमारे अधिकारों के संरक्षण का कार्य करते आए हैं। कोई भी व्यक्ति या संस्था संविधान से उपर नहीं है। संविधान निर्माताओं के सपनों के राष्ट्र का निर्माण करने हेतु हम सभी को अपने कर्तव्यों का पूर्ण रूप से निर्वहन करना होगा। आज का दिन एक अवसर है जब हम सभी सामूहिक शपथ लें कि हम सब देश के संविधान एवं कानून का सदैव सम्मान एवं पालन करेंगे। इस अवसर पर माननीय प्रधान जिला न्यायाधीश महोदय ने उपस्थित विद्यार्थियों को संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन भी कराया और साथ ही उन्होंने विधि विद्यार्थियों की विभिन्न कानूनी जिज्ञासाओं के उत्तर भी दिए। जवाहरलाल नेहरू विधि महाविद्यालय की तरफ से माननीय प्रधान जिला न्यायाधीश महोदय को स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। जिला न्यायाधीश/ सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मंदसौर श्री हर्ष सिंह बहरावत ने अपने उद्बोधन में उपस्थित विद्यार्थियों से कहा कि वे संविधान में अपनी निष्ठा सदैव बनाए रखें। कार्यक्रम की अध्यक्षता विधि महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ कुणाल शक्तावत द्वारा की गई। कार्यक्रम का संचालन प्राध्यापक डॉ दिनेश तिवारी एवं आभार प्रो प्रवीण चौधरी द्वारा किया गया। इस अवसर पर प्रो राजेश कौशिक, प्रो रुचि चौहान, प्रो हेमलता, प्रो चंचल शर्मा, प्रो राजेश नोगिया, प्रो ईश्वर प्रजापत, प्रो करण आर्य, प्राध्यापक गण एवं विद्यार्थी गण उपस्थित रहे।

## मतगणना कर्मियों को दिया प्रशिक्षण

**मंदसौर, 25 नवम्बर गुरु एक्सप्रेस।** विधानसभा निर्वाचन 2023 के अंतर्गत मतगणना कार्य 03 दिसम्बर 2023 को किया जाएगा। मतगणना कार्य के सफल संपादन के लिए आज जिले के कुशाभाऊठाकरे सभा कक्ष में मास्टर ट्रेनर डॉ. जे के जैन एवं सहायक टीम द्वारा मतगणना के लिए लगे अधिकारी एवं कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया गया।



प्रशिक्षण में डाक मतपत्र की मतगणना किस प्रकार की जाना है उसकी संपूर्ण प्रक्रिया एवम बारीकियां के बारे में जानकारी दी। मास्टर ट्रेनर द्वारा नियंत्रण यूनिक/कंट्रोल यूनिट के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुवे उसे खोलना, उस पर लगे नंबरों का मिलान कैसे करना, सिलो की जांच करना व मतगणना संबंधी जानकारी दी गई। मास्टर ट्रेनर द्वारा मतगणना के दौरान किस प्रारूप में आवश्यक प्रतिपूर्ति की जानी है व उससे संबंधित फार्म के बारे में बताया गया। प्रशिक्षण में भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार विहित नियमों का पालन करते हुए मतगणना कार्य संपन्न कराने के लिए सभी आवश्यक बिन्दुओं की विस्तार से जानकारी दी गई। मतगणना के दौरान किए जाने वाले दायित्वों की जानकारी दी। इसके साथ ही मतगणना के संबंध में प्रमुख वैधानिक प्रावधानों, नियमों तथा मतगणना के दौरान कौन-कौन सी जरूरी सावधानी बरती जानी है इसकी जानकारी से अधिकारियों को अवगत कराया गया।

### पिकअप के पीछे घुसे बाइक सवार की दर्दनाक मौत

**पिपलियामंडी, 25 नवम्बर गुरु एक्सप्रेस।** पिकअप के पीछे घुसे बाइक सवार की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। जानकारी के अनुसार बीती रात्रि नौ बजे करीब फोरलेन पर रोड़ के राजा स्थान के निकट सड़क किनारे खड़ी पिकअप के पीछे बाइक सवार घुस गया। जिसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। सूचना पर पुलिस मौके पहुंची, मृतक की शिनाख्त आक्यापालरा (नारायणगढ़) निवासी रामसिंह (50) पिता भागीरथ बावरी के रुप में हुई। शनिवार सुबह शव पीएम के बाद परिजनों को सुपुर्द कर दिया। धारा 174 में मर्ग कायम कर पुलिस ने मामले की जांच शुरु कर दी।

## दुर्घटना में हुए थे घायल, बाइक चालक पर केस दर्ज

**पिपलियामंडी, 25 नवम्बर गुरु एक्सप्रेस।** दुर्घटना में घायल होने पर बाइक चालक पर केस दर्ज किया। जानकारी के अनुसार 5 सितम्बर 2023 को खड़पालिया व नापाखेड़ा के बीच बाइक पर सवार होकर जा रहे खड़पालिया निवासी राकेश पिता शोभाराम पाटीदार व ईश्वर पिता घनश्याम पाटीदार को बाइक (एमपी 14 एमएफ 8965) के चालक नापाखेड़ा निवासी दिनेश पिता रामलाल बागरी ने टक्कर मार दी थी। जिससे राकेश व ईश्वरलाल के चोंटे आई। नारायणगढ़ पुलिस ने विवेचना के बाद शुक्रवार को बाइक सवार के खिलाफ 279, 337 में केस दर्ज किया।

### सड़क हादसा: दो महिलाओं की ...

पेज 1 से जारी

मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। चालक को जैसे तैसे छुड़ाकर थाने ले गई। इधर डंपर को जब्त कर पुलिस ने केस दर्ज किया है। घायल को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

**मृतकों के परिजनों को 50-50 लाख मुआवजे की मांग...**

इसके बाद लोगों ने शव रखकर मुआवजे की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन कर रहे प्रहलाद गहलोत ने बताया कि मृतकों के परिजनों को 50-50 लाख रुपए और घायल को 25 लाख रुपए मुआवजा दिया जाए। एसडीएम रविंद्र परमार और एसडीओपी राजाराम धाकड ने परिजनों से चर्चा की। इधर सडक़ के दोनों तरफ वाहनों की कतारें लग गई।

**दादी और बहन को खेत छोड़ने जा रहा था युवक...**

मृतक के परिजन शंभूलाल ने बताया कि किशन पाटीदार ने खेत में रबी की फसल लगाई है। फसल निंदाई के लिए किशन अपनी दादी और बहन को खेत छोड़ने जा रहा था। तभी डंपर ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। दादी-पोती की मौत हो गई और किशन घायल हो गया।

## पत्नी को अन्यत्र नातरे देने से दुःखी युवक ने लगाई फांसी

### सुसाइड नोट में लिखा पुलिस ने भी नही की मदद, इसलिए मर रहा हूं..!

**पिपलियामंडी, 25 नवम्बर गुरु एक्सप्रेस।** पुलिस से न्याय की गुहार लगा रहे एक युवक को जब पुलिस से मदद नही मिली तो उसने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सुसाइट नोट में भी उसने यह बात लिखी। नारायणगढ़ पुलिस व एसपी को दिए आवेदनों व सुसाइट नोट भ्पुलिस ने बरामद किए, जांच जारी है। 24 नवम्बर 2023 को नारायणगढ़ पुलिस थाना प्रभारी व जिला पुलिस अधीक्षक मंदसौर को दी शिकायत में सुथार रोड़, नारायणगढ़ निवासी विक्रम पिता सूरजमल खारोल ने बताया था कि मेरी शादी 2020 में नारायणगढ़ निवासी अंजलि पिता मुकेश बैरागी से हुई थी। मेरे एक बेटी दिव्यांका है। मतभेद होने से वर्तमान में दोनों अलग रह रहे है, हमारा तलाक नही हुआ है, उसके बावजूद अंजलि के माता-पिता उसका अन्यत्र नातरा कर रहे है। जहां तक तलाक नही होता तब, तक उसका अन्यत्र किया जा रहा नातरा रोका जाए। बताया गया युवक 24 नवम्बर को 3 बार थाने पर गया और पुलिस ने मदद मांगी। शनिवार सुबह युवक का शव स्वयं के घर में फन्दे पर लटका मिला। पुलिस पहुंची, शव को नीचे उतरवाया, पंचनामा बनाया, पीएम के बाद शव परिजनों को सौंपा।

**एसपी कार्यालय व नारायणगढ़ पुलिस ने नही की मदद:**-युवक ने एसपी कार्यालय व नारायणगढ़ पुलिस थाने पर इस संबंध में शिकायत की, लेकिन पुलिस ने युवक की मदद नही की। सुसाइट नोट में युवक ने लिखा कि मैं विक्रम खारोल अपने पूरे होस हवास में लिखता हूं कि पुलिस के पास गया, पर उन्होंने मेरी कोई सुनवाई नही की, इसलिए मर रहा हूं, मेरी पत्नी को किसी ओर के नाते दे रहे है, पुलिस चाहती तो रोक सकती थी, पर नही रोका।

**इंदौर के मेडिकल कॉलेज के प्रोफेसर**
**त्वचा रोग विशेष एवं डर्मेटोलेजर सर्जन**

**डॉ. परीक्षित शर्मा**

एम.डी. (स्कीन)

**रविवार 26 नवम्बर को सुबह 9 से दोपहर 2 बजे तक उपलब्ध रहेंगे।**

सुविधाएं-✻ चेहरे के कील-मुहासे, चोट व चेहरे के निशान, ऑखों के नीचे कालापन, चेहरे व हाथों का कालापन, ✻ एक्जीमा, सोरियासिस, सफेद दाग का इलाज व सर्जरी, ✻ शरीर पर तिल व मस्सों (Warts) को मशीन द्वारा हटाना, ✻ गर्भावस्था में होने वाले स्ट्रेचमार्क्स की चिकित्सा, ✻ असमय झड़ते बालों का आधुनिक पद्धति से ईलाज, ✻ शरी पर टेटू (गोदना) को मशीन द्वारा हटाना, ✻ लेजर मशीन द्वारा अनचाहे बालों से छुटकारा, ✻ बच्चों व बुजुर्गो की त्वचा संबंधित समस्याएं, ✻ नाखुन में होने वाले रोगों का उपचार, ✻ सौन्दर्य परामर्श (Cosmetic Consultation)

**करजूवाला कम्पाउण्ड, पमनानी हॉस्पिटल के पीछे, स्टेशन रोड़, मंदसौर सम्पर्क-9424813088**

**कार्यालय- दीपक सैनी एडव्होकेट**

गौल चौराहा नई आबादी स्कीम नंबर-2 रोड़ नं. 3. मंदसौर
मोबाईल 8085621888, 7987714980 फोन नंबर 07422-356589)

दिनांक- 23.11.2023

**✻✻✻जाहिर सूचना ✻✻✻**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री रामेश्वर शर्मा पिता रामचंद्र शर्मा, जाति ब्राहम्ण निवासी ग्राम रणायरा तहसील सीतामऊ जिला मंदसौर के स्वामित्व, स्वत्व एवं आधिपत्य का एक मकान जो कि मकान नं. 688, ग्राम रणायरा, वार्ड नं. 11 गाईडलाईन अनुसार पटवारी हल्का नं. 10 तहसील सीतामऊ जिला मंदसौर का दान विधिवत रजिस्टर्ड दान पत्र ई-पंजीकरण क्रमांक एमपी 249412023ए12509161 दिनांक 27.10.2023 से अपनी पुत्रवधु श्रीमती संगीता शर्मा पति राकेश शर्मा, जाति ब्राहम्ण निवासी ग्राम रणायरा तहसील सीतामऊ जिला मंदसौर को कर दिया है। उक्त मकान की चर्तु:सीमा व पैमाईश निम्नवत है-

पूर्व में-रमेशचंद्र का मकान, पश्चिम में-आम रास्ता, उत्तर में-आम रास्ता, दक्षिण में - सत्यनारायण शर्मा का मकान, पैमाईश-पूर्व से पश्चिम 25 फीट, उत्तर से दक्षिण 25 फीट, कुल क्षेत्रफल-625 वर्गफीट या 58.06 वर्गमीटर है।

उक्त संपत्ति पर श्रीमती संगीता शर्मा पति राकेश शर्मा, जाति ब्राहम्ण निवासी ग्राम रणायरा तहसील सीतामऊजिला मंदसौर द्वारा India Shelter Finance Corporation Ltd Branch Mandsaur से ऋण प्राप्त करने हेतु आवेदन प्रस्तुत कर दिया है। यदि किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक आदि का भार, बोझ आदि उक्त संपत्ति पर हो तो इस जाहिर सूचना पत्र प्रकाशन से 7 दिवस के अंदर मेरे कार्यालयीन समय में लिखित में मय प्रमाण के प्रस्तुत करें। वरना बाद गुजरने मियाद किसी प्रकार की कोई आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगी। सो सूचित हो।

भवदीय
दीपक सैनी, एडव्होकेट मंदसौर

स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, प्रकाशक, मुद्रक आशुतोष नवाल के लिए गुरु मीड्यिा एण्ड इंटरटेनमेन्ट कम्पनी, शक्ति नगर मन्दसौर से मुद्रित एवं 77 लक्ष्मीनगर, वेदान्त विहार मन्दसौर से प्रकाशित। (हर प्रकार के विवाद का न्याय क्षेत्र मन्दसौर रहेगा) संपादक- आशुतोष नवाल RNI-MPHIN2006/20356
समाचार पत्र में छपे विज्ञापनों के लिए समाचार पत्र उत्तरादायी नहीं है एवं विज्ञापनो में प्रकाशित विचार विज्ञापनदाता की निजी राय है। इससे समाचार पत्र का कोई संबंध नहीं है। फोन 495831, मो. 9425105927,28 ashugurumds@gmail.com, ashu_guru2@yahoo.co.in